# समाचार वाणी

ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Wednesday, 30 September 2026


## सिर पर पगड़ी, हाथ मे तलवार, पंजाब का प्रिंस बन दिलजीत दोसांझ ने मेट गाला मे ली एंट्री, मूंछो को ताव देते हुए खूब क्लिक कराई तस्वीरे |

Publisher

Published on 06 May 2025



### दिलजीत दोसांझ मेट गाला मे डेब्यू करने वाले पहले पंजाबी एक्टर है. उन्होंने महाराज के अंदाज मे मेट गाला के रेड कार्पेट पर एंट्री और अपना टशन दिखाया.

दिलजीत दोसांझ ना केवल जबरदस्त एक्टर हैं बल्कि कमाल के सिंगर भी हैं. वे अपनी आवाज से फैंस के दिलों पर राज करते हैं. उनके गानों से देश में ही नहीं विदेशों में भी खूब फैन हैं. इस बीच दिलजीत दोसांझ ने बॉलीवुड के कई सेलेब्स के साथ साल के सबड़े बड़े फैशन इवेंट मेल गाला 2025 में डेब्यू किया है. दिलजीत के शानदार लुक की तस्वीरें अब सोशल मीडिया पर छाई हुई हैं. वे पंजाब के राजकुमार बनकर मेल गाला के रेड कार्पेट पर उतरे थे.

एक्टर-सिंगर दिलजीत दोसांझ ने रॉयल महाराजा-इंस्पायर्ड लुक से मेल गाला में पूरी महफिल लूट ली. उन्होंने अपने इस लुत से पटियाला के महाराजा भूपिंदर सिंह को श्रद्धांजलि दी थी.

महाराज इंस्पायर्ड लुक में दिलजीत ने मेट गाला में किया डेब्यू
पंजाबी म्यूजिक सेंसेशन ने मेट गाला के लिए व्हाइट कलर का ट्रेडिशनल आउटफिट पहना था जिसमें पगड़ी और तलवार भी शामिल थे. नेपाली-अमेरिकी डिज़ाइनर प्रबल गुरुंग द्वारा स्टाइल किए गए इस आउटफिट ने उनकी कल्चरल रूट्स को सबसे स्टाइलिश तरीके से श्रद्धांजलि दी. दिलजीत दोसांझ ने अपनी संस्कृति को गर्व के साथ पहना था. उनके आउटफिट के हर डिटेल को सोच-समझकर चुना गया था.

दिलजीत की केप पर लिखे थे पंजाबी गुरुमुखी मंत्र
दिलजीत की केप भी अलग दिख रही थी, जिसके पीछे एम्ब्राइडरी के साथ पंजाबी शब्द लिखे गए थे. केप पर गुरुमुखी मूल मंत्र जैसे

इक ओंकार, सतनाम कर्ता पुरख, निरभाऊ, निरवैर, अकाल मूरत, अजूनी, सैभंग, गुरुप्रसाद लिखा गया था.

फैंस बोल रहे हैं प्रिंस ऑफ पंजाब
बता दें कि दिलजीत दोसांझ ने मेट गाला लुक के रेड कार्पेट पर खूब तस्वीरें क्लिक कराईं. इस दौरान सिंगर-एक्टर अपनी मूंछों को ताव देते हुए भी नजर आए. वहीं दिलजीत की तस्वीरों पर फैंस फिदा हो रहे है और उन्हे प्रिंस ऑफ पंजाब कह रहे हैं.

बता दें कि दिलजीत दोसांझ के अलावा, इस इवेंट में शामिल होने वाले अन्य बॉलीवुड सितारों में शाहरुख खान, कियारा आडवाणी और प्रियंका चोपड़ा हैं, न्यूयॉर्क शहर के मेट्रोपॉलिटन म्यूजियम ऑफ आर्ट में आयोजित इस साल के चैरिटी कार्यक्रम की थीम “टेलर्ड फॉर यू” है. दिलचस्प बात ये है कि 20 सालों में यह पहली बार है जब लुक मेन्सवियर पर फोकस्ड था.

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.